# महाकाल लोक की तर्ज पर निखरेगा मां जागेश्वरी मंदिर

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चंदेरी में 20 करोड़ के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को चंदेरी के ऐतिहासिक मां जागेश्वरी मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में लगभग 20 करोड़ की लागत से चल रहे जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस काम्प्लेक्स का निर्माण उज्जैन के महाकाल लोक की तरह किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को यहां विश्वस्तरीय आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि चंदेरी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा यह परिसर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध स्थापत्य विरासत का प्रतीक है। वहीं उन्होंने विरासत के मूल स्वरूप को अक्षुण्ण रखने के लिए उन्होंने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिनमें पूरे परिसर में बाहरी पत्थरों या ईंटों की जगह चंदेरी और ग्वालियर के पारंपरिक स्थानीय पत्थरों का ही उपयोग किया जाए। मंदिर मार्ग से प्रस्तावित सीसी रोड को हटाकर प्राकृतिक पत्थरों से मार्ग विकसित करने के निर्देश दिए।

साथ ही ऐतिहासिक झरोखे का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि इसका पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि राज्य पुरातत्व विभाग की तकनीकी सलाह के अनुसार मूल स्वरूप का रेस्टोरेशन किया जाए और पुराने पत्थरों को सुरक्षित रखा जाए।



**सिंधिया राजवंश से जुड़ा है इतिहास:**
उल्लेखनीय है कि मां जागेश्वरी मंदिर परिसर, सागर ताल एवं ऐतिहासिक झरोखे का निर्माण वर्ष 1884 में सिंधिया राजवंश के शासनकाल के दौरान श्रीमंत महाराज माधवराव सिंधिया द्वारा कराया गया था। ऐतिहासिक सागर ताल का निरीक्षण करते हुए केंद्रीय मंत्री ने इसका जलस्तर बढ़ाने के लिए आवश्यक खुदाई और संरक्षण कार्य जल्द से जल्द शुरू करने की बात कही। उन्होंने अंत में कहा कि मां जागेश्वरी मंदिर का पुनर्विकास केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि चंदेरी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को आने वाली पीढ़ियों तक सहेजने का एक महा-अभियान है।

**विद्युत उपकेन्द्र का किया लोकार्पण:**
केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को भ्रमण के दौरान चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाठखेडा में 2.38 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित नवीन 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र तथा 01 करोड़ 96 लाख रूपये की लागत से निर्मित नवीन 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया गया। साथ आज ग्राम पाठखेडा एवं मढ़ी महिदपुर में विद्युत उपकेन्द्रों को लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों सौगात प्रदान की गई है।



# एचएमआईएस पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचएमआईएस पोर्टल संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

जिसमें सीएचओ, एएनएम, सेक्टर प्रभारी और स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों को पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण डाटा प्रविष्टि एवं रिपोर्टिंग की जानकारी दी गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने प्रतिभागियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए एचएमआईएस पोर्टल पर होने वाली सामान्य त्रुटियों को चिन्हित किया और उनके सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समय पर और त्रुटिरहित डाटा प्रविष्टि को स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी निगरानी के लिए महत्वपूर्ण बताया। जिले से आए एमएंडई अधिकारी नेमा ने पोर्टल की कार्यप्रणाली, डाटा प्रबंधन और रिपोर्टिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण की शुरुआत में प्रतिभागियों का प्री-टेस्ट भी लिया गया, ताकि उनकी वर्तमान जानकारी का आकलन किया जा सके। कार्यशाला का उद्देश्य डाटा की गुणवत्ता में सुधार, रिपोर्टिंग की त्रुटियों में कमी और स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बेहतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना रहा।

# विकास की हर ईंट, जनता के विश्वास की नींव : सिंधिया

**सूरेल से आमखेड़ी तक की सड़क की घोषणा**

**कहा 51 करोड़ की योजनाएं लेकर आया हूं**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** मुंगावली विधानसभा सेहराई मंडल क्षेत्र के परकाना में लगभग 75 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री सिंधिया के द्वारा अपनी देवतुल्य जनता को समर्पित किया। इन



विकास कार्यों में परकाना की कनेक्टिविटी को सशक्त बनाने वाली 9 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं। जिसमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि उमंग और खुशी है क्योंकि आपके चेहरे पर खुशी की लकीर दिखती है तब मुझे लगता है सिंधिया परिवार के मुखिया का संकल्प ओर सेवा भाव वास्तविक तौर पर साकार हो रहा है में कोशिश करता हूं कि क्षेत्र में कभी भी ख़ाली हाथ ना जाऊ सिंधिया ने कहा कि पारकना आने की इच्छा थी, पर कैसे आऊ जब तक कुछ लेकर ना आऊ ओर में आया हूं, और में आया हु तो 75 करोड़ की रूपये की योजनाएं लेकर आया हूं जिसमें पार कना के लिए लगभग 51 करोड़ की योजनाएं लेकर आया हूं।

सिंधिया ने कहा कि यह विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक परिवार के जीवन में सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करने का संकल्प है। हमारे मुंगावली का प्रत्येक गांव विकास की नई ऊँचाइयों को छुए और जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए, इसी उद्देश्य के साथ हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस विकास कार्य कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, मनीष मोदी जिला महामंत्री नरेश ग्वाल,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र जैन,मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र परिहार, महामंत्री रामबाबू दुबे, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र दांगी, अमरीश बेस, सरपंच प्रतिनिधि कलन्दर सिंह यादव,के साथ कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं शामिल रहें।

### आपसी विवाद के बाद युवक के साथ मारपीट

**अशोकनगर।** चंदेरी थाना क्षेत्र में एक युवक को घेरकर उसके साथ मारपीट करने और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी विजय अहिरवार निवासी चंदेरी ने शिकायत दर्ज कराई है कि जब वह आरोपी राजेश यादव के घर के सामने से गुजर रहा था, तब आरोपी ने उसे रोक लिया। आरोपी राजेश यादव ने फरियादी के साथ गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्द कहे और उसके साथ मारपीट की।

**एक नजर में**

### फांसी के फंदे पर झूली किशोरी

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम मारूप में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान खुशी पुत्री चंद्रभान जाटव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। जहां से पीएम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं पुलिस ने इस मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस अधिकारी मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं ताकि आत्महत्या के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

### लड़की लापता मामला दर्ज

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हारूखेड़ी से एक लड़की के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। जिसकी शिकायत परिजनों द्वारा बहादुरपुर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।

# नशे से है दूरी जरूरी 2 .0 अभियान के तहत जिलेभर में पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान, दिलाया नशा मुक्ति का संकल्प





नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस की बड़ी मुहिम, नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रमों की धूम

अशोकनगर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, प्रदेशभर में 15 से 30 जुलाई तक विशेष जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिलेभर की शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। एसपी ने सभी थाना क्षेत्रों को युवाओं और आमजन तक पहुंचकर मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करने के निर्देश दिए हैं।

अभियान के तहत जिले के थाना नईसरांय में कन्या शाला नईसरांय में छात्राओं को जागरूक किया गया, थाना बहादुरपुर व शाडोरा कस्बा क्षेत्रों में नागरिक संवाद आयोजित हुआ। थाना ईसागढ़ व कचनार में ग्राम डेंगा और कचनार गड़ी में ग्रामीणों को नशे के विरुद्ध लामबंद किया गया। वहीं चंदेरी पुलिस द्वारा बस स्टैंड चंदेरी जैसे व्यस्त सार्वजनिक स्थल पर जन-जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

**नशामुक्ति का दिलाया संकल्प:**
इन कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस अधिकारियों ने युवाओं व ग्रामीणों को नशे के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। नागरिकों से अपील की गई कि यदि उनके आसपास कोई अवैध मादक पदार्थों का कारोबार कर रहा हो, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# जिले के 11 स्थानों पर लगे बिजली शिविर

**शिविर में सुलझी 458 शिकायतें**

**स्मार्ट मीटर का भ्रम भी किया गया दूर**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण और बिजली सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शनिवार को जिले में संपर्क अभियान 2026 के तहत व्यापक स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। अशोकनगर जिले के 11 प्रमुख स्थानों पर आयोजित इन शिविरों में ग्रामीणों और उपभोक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं को विभाग के समक्ष रखा।

शिविरों के दौरान बिजली बिल और अन्य समस्याओं से जुड़ी कुल 468 शिकायतें प्राप्त हुईं। विभागीय अधिकारियों की



सक्रियता के चलते इनमें से 458 शिकायतों का मौके पर ही तात्कालिक निराकरण कर दिया गया। शिविर की बड़ी सफलता यह रही कि यहाँ 109 घरेलू और 63 कृषि उपयोग के लिए नए सर्विस कनेक्शन तुरंत जारी किए गए। इसके साथ ही 14 उपभोक्ताओं के नामों में परिवर्तन किया गया, खराब मीटरों को बदला गया और वोल्टेज संबंधी समस्याओं को ठीक करने के साथ-साथ ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस भी कराया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं से कुल 9.83 लाख रुपये के राजस्व की वसूली भी की गई।

**लगाई प्रदर्शनी :**
शिविरों का मुख्य आकर्षण बिजली विभाग द्वारा लगाई गई स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी रही। कैंप में मौजूद ग्रामीणों और गणमान्य जनप्रतिनिधियों के सामने डिजिटल मीटर तथा नए स्मार्ट मीटर की विद्युत खपत की लाइव तुलना की गई, जिसमें दोनों मीटरों की रीडिंग बिल्कुल समान पाई गई।

### दो पक्षों में मारपीट, दोनों तरफ से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा पर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसके बाद दोनो पक्षों द्वारा थानों में शिकायत दर्ज कराई गई है। छोटू पुत्र प्रकाश कुशवाह ने पुलिस को बताया है कि घटना दिलीप सरपंच के जनरल स्टोर के सामने घटित हुई। आरोपी संजय वाल्मीकि और दिलीप वाल्मीकि ने फरियादी को बिना किसी बजह के अपशब्द कहे, गाली-गलौज की और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 2(5), 296(बी), और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं सजंय पुत्र आनंद मेहतर ने पुलिस को बताया आरोपी छोटू कुशवाह, राहुल कुशवाह और धंसू कुशवाह ने उसे जबरन रोका। आरोपियों ने फरियादी को सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हुए जातिसूचक गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं सहित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### जिला शिक्षा केंद्र के कर्मचारियों का जून माह का वेतन अटका, आंदोलन की चेतावनी

अशोकनगर। अशोकनगर ब्लॉक एवं जिला शिक्षा केंद्र के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों, जन शिक्षकों और बीएसी का जून माह का वेतन 18 जुलाई बीत जाने के बाद भी लंबित है। नियमानुसार हर महीने की 1 से 5 तारीख के बीच होने वाला वेतन भुगतान न होने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर प्रशासन से तत्काल वेतन जारी करने की मांग की है।

राज अध्यापक संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने कर्मचारियों की पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर वेतन न मिलने से उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घरेलू खर्च चलाने और आवश्यक दवाइयां खरीदने में तो परेशानी आ ही रही है, साथ ही बैंक लोन की किश्तें बाउंस होने के कारण कर्मचारियों पर अतिरिक्त पेनाल्टी का बोझ भी बढ़ रहा है।

**संयुक्त मोर्चा ने उठाई मांग, 22 जुलाई को सौंपेंगे ज्ञापन:**
इस गंभीर समस्या को लेकर राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा, शिक्षक संघ के शिवकुमार शर्मा, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के भीम सिंह यादव, राज अध्यापक संघ के रामगोपाल शिवहरे और शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज भटनागर ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

**धर्म-कर्म**

### क्षेत्र में बारिश, खुशहाली के लिए किया गया सुंदरकांड का पाठ

# गुप्त नवरात्रि में मंदिर पर गूंजे माता के जयकारे

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर इन दिनों गुप्त नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के चतुर्थ दिवस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। मुख्य पुजारी पंडित किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराए जा रहे हैं।

चतुर्थ दिवस के पावन अवसर पर महिला श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का पूजन किया। इसके पश्चात माता गौरी का भव्य और आकर्षक श्रृंगार किया गया। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री



सूक्त के विशेष पाठ से गौरी पूजन संपन्न कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से बारी-बारी से पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ अभिषेक किया। इसके बाद अभिषेक के उपरांत यज्ञशाला में मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गईं और हवन संपन्न हुआ। दोपहर में भगवान की महाआरती की गई, जिसमें पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए कन्याओं का पूजन कर उनका सम्मान किया गया एवं उपस्थित ब्राह्मणों को दक्षिणा प्रदान की गई। दोपहर के सत्र में महिला श्रद्धालुओं ने एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर माता रानी की स्तुति की।

**अच्छी बारिश के लिए सुंदरकांड का आयोजन:**
क्षेत्र में सुख-समृद्धि और इस वर्ष अच्छी बारिश की कामना को लेकर शनिवार रात्रि में महाआरती के पश्चात श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर एक विशेष संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति और पुजारी जी ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# विशेष लोक अदालत में 40 प्रकरणों का निराकरण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में पराक्रम्य लिखित अधिनियम धारा 138 एन.आई.एक्ट के प्रकरणों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त विशेष लोक अदालत का संचालन नोडल अधिकारी सुनील कुमार कौशिक के समन्वय एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार को आपसी समझौता के आधार पर विवादों के शीघ्र, सरल एवं कम व्यय में निराकरण के लिए प्रेरित किया गया।

विशेष लोक अदालत के लिए जिला मुख्यालय अशोकनगर में किशोर कुमार निनामा, तृतीय जिला एवं प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं प्रिया चौहान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, अशोकनगर की खण्डपीठ का गठन किया गया। साथ ही तहसील न्यायालय मुंगावली हेतु




पारूल चौकसे राय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, तहसील चंदेरी हेतु महेन्द्र सिंह, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं तहसील न्यायालय ईशागढ़ हेतु श्वेता आर्य, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड खण्डपीठ का गठन किया गया। विशेष लोक अदालत के दौरान न्यायालयों में लंबित धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रकरणों में पक्षकारों को आपसी समझौते के माध्यम से विवादों का निराकरण करने हेतु प्रेरित किया गया। सिजके चलते विशेष लोक अदालत में कुल 05 न्यायालयीन खण्डपीठों के माध्यम से कुल 49 प्रकरण रखे गये, जिसमें से 40 मामलों का निराकरण हुआ। 86,76,205/-रूपये (छयासी लाख छियात्तर हजार दो सौ पांच रूपये) राशि का अवार्ड पारित हुआ। इस अवसर पर मनीष अनुरागी, न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेमंत कुशवाह, जिला विधिक सहायता अधिकारी ओम प्रकाश दुबे, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विष्णुनारायण बिरथरे, रफीक खान, डिप्टी एलएडीसी अभिषेक सिंह यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विभिन्न थानों में मारपीट के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** मुंगावली थाना क्षेत्र के ग्राम बरवाह में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की वारदात हुई है। फरियादी देवेंद्र लोधी 22 वर्ष, निवासी बरवाह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी लवकुश लोधी ने उनके घर के सामने आकर अचानक गाली-गलौज शुरू कर दी। जब फरियादी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया और मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी ने जाते-जाते पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। मुंगावली पुलिस ने फरियादी देवेंद्र की रिपोर्ट पर आरोपी लवकुश लोधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं बहादुरपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हेरा में सरोजबाई के साथ गांव के उमेश आदिवासी ने मारपीट कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।